पत्रांक:–10 / म –40 / 2020..............

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

प्रेषक

निबंधित डाक

मो० तसनीमुर रहमान
विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा मे

अध्यक्ष,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर,
नई दिल्ली–110092

पटना, दिनांक..........................

विषयः– NARAYAN WORLD SCHOOL, JAMUHAR, SASARAM, ROHTAS को CBSE बोर्ड, नई दिल्ली से संबंद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि NARAYAN WORLD SCHOOL, JAMUHAR, SASARAM, ROHTAS को C.B.S.E से अनापत्ति प्रमाण–पत्र देने के संबंध में उक्त विद्यालय के प्राचार्य / सचिव / विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यपालक दण्डाधिकारी के समक्ष लिये गये शपथ–पत्र के साथ संलग्न अभिलेखों / कागजातों की समीक्षा विभाग की सक्षम समिति द्वारा की गयी। तदनुसार विद्यालय की स्थिति निम्न प्रकार पाई गई :–

1. यह विद्यालय SHAIL FOUNDATION के अधीन संचालित है। इस ट्रस्ट / सोसाइटी में किसी एक व्यक्ति / परियार का प्रभुत्व नहीं है। ट्रस्ट / सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का व्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया है।

2. विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी अन्य निबंधित ट्रस्ट / सोसाइटी / न्यास के फ्रेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्रांड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।

3. विद्यालय को 1.5 एकड़ भूमि उपलब्ध है। विद्यालय का भवन है तथा पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला उपलब्ध हैं। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं अन्य सभी सुविधायें बोर्ड के मानक के अनुरूप है अथवा नहीं। समिति द्वारा इन संस्थानों का स्थल निरीक्षण एवं कागजातों की सत्यता की जाँच नहीं करायी गयी है। इस संबंध में विद्यालय द्वारा प्राप्त अभिलेखों एवं शपथ पत्र के आधार पर ही विभाग द्वारा समीक्षा की गई है।

4. विद्यालय में कुल 16 शिक्षक नियुक्त हैं। सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की नियुक्ति, उनकी योग्यता एवं प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के मापदण्डों के अनुरूप है अथवा नहीं।

5. विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।

6. विद्यालय द्वारा निर्धारित, शुल्कों, वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करे इसे सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा।

7. विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से शपथ पत्र के माध्यम से सहमति दी गयी है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या–238, दिनांक–04.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित एवं अनिवार्य शर्तें स्वीकार है।

अपेक्षित शर्तो के अनुसारः–

(i) विद्यालय में कुल क्षमता का 25 प्रतिशत निःशुल्क नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों को किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनु0 जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग बालिकाएं

NOC LETTER 15.

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय प्रतिवर्ष रूपया 2,00,000/-(दो लाख रूपये मात्र) से कम होगा, को रखा गया है।

(ii) विद्यालय मे नर्सरी/के0 जी0 अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नहीं लिया जायेगा। अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा।

(iii) नर्सरी/के0जी0 तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलोमीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा में नामांकन हेतु अधिकतम दूरी तीन किलोमीटर तक होगी।

(iv) जिन बच्चों का नामांकन नहीं होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80 प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी।

8. RTE से संबंधित सभी मापदण्डों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। C.B.S.E संबंधित निजी विद्यालयों को सम्बद्धता देते समय इसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करायेंगे।

9. यद्यपि कि विद्यालय का प्रबंधन द्वारा सभी अनिवार्य शर्तों को पूरा करने के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से दावा किया गया है, फिर भी सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो लें कि विद्यालय उनके द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है।

10. साथ ही सी0 बी0 एस0 ई0, को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित विद्यालय के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं अपेक्षित शर्तो का अनुपालन किया जा रहा है। स्कूल को यह शर्त्त सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख प्रोस्पेक्टस एवं वेबसाईट में करना होगा। शर्तो के उल्लंघन की स्थिति म अनापत्ति प्रमाण–पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा सम्बद्धन रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

11. विभागीय पत्रांक–46, दिनांक–18.01.2008 द्वारा शिक्षक/छात्रों को शारीरिक दण्ड नहीं दिए जाने संबंधी आदेशों का विद्यालयों द्वारा पालन करना होगा।

12. विद्यालय, बिहार सरकार के शिक्षा विभाग अथवा स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षी पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा।

उपर्युक्त वर्णित शर्तो के आलोक में विभागीय समिति द्वारा लिये गये निर्णयानुसार NARAYAN WORLD SCHOOL, JAMUHAR, SASARAM, ROHTAS को सी0 बी0 एस0 ई0 ऐफिलियेशन बायलॉज के कंडिका–3 में वर्णित प्रावधानानुसार 3 सेक्शन हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि सी0 बी0 एस0 ई0 अपने स्तर से संतुष्ट होने पर ही विद्यालय की संबंधता देने पर विचार करेगी।

विश्वासभाजन
ह0/–
(मो० तसनीमुर रहमान)
विशेष निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक :–10/न –40/2020........................ पटना, दिनांक..............................

प्रतिलिपि :– जिला शिक्षा पदाधिकारी, ROHTAS को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
विशेष निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक :–10/न –40/2020 501 पटना, दिनांक 26.6.21

प्रतिलिपि:–प्राचार्य, NARAYAN WORLD SCHOOL, JAMUHAR, SASARAM, ROHTAS को सूचनार्थ, एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विशेष निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Gautam
Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

(19)

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास।
बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
जिला स्तरीय कार्यालय,
डायट परिसर, फजलगंज, सासाराम – 821115

*Office of The District Education Officer, Rohtas*
***Bihar Education Project Council,***
*District Level Office,*
*DIET Campus, Fazalganj, Sasaram - 821115*

पत्रांक RTE/ 329
दिनांक 15/02/2020

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान
रोहतास सासाराम।

सेवा में,

अध्यक्ष / व्यवस्थापक / प्रबंधक
नारायण वर्ल्ड स्कूल
जमुहार, डिहरी

विषयः– बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 की धारा 18 के प्रयोजनार्थ बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली के नियम 11के उपनियम 5 के अंतर्गत विद्यालय की प्रस्वीकृति का प्रमाण पत्र।

महाशय / महाशया,

आपके आवेदन –पत्र दिनांक.............................और उसके कम में आपसे किये गये पत्राचार एवं विद्यालय के किये गए निरीक्षण के आलोक में आपके विद्यालय (विद्यालय का नाम एवं पूरा पता) नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार, डिहरी ..............................कक्षा I से VIII तक संचालन हेतु तीन वर्षो फरवरी 2020 से जनवरी 2023 तक औपबंधिक प्रस्वीकृति प्रदान की जाती है।

प्रदत्त प्रस्वीकृति निम्न शर्तों के अनुपालन के अधीन होगी:

1. प्रस्वीकृति किसी भी परिस्थिति में कक्षा VIII तक की सीमा के बाहर मान्य नहीं होगी।
2. विद्यालय बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम , 2009 (अनुलग्नक–1) तथा बिहार राज्य मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम नियमावली 2011 (अनुलग्नक–2) का अनुपालक आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेगा।
3. विद्यालय अपनी कक्षा 1 में बच्चों के नामांकन की कुल क्षमता का 25 प्रतिशत बच्चों का नामांकन अपने पड़ोस के कमजोर वर्ग एवं अलाभकारी समूह के बच्चों का करेगा तथा उन्हें मुफ्त एवं अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा उसकी पूर्णता तक प्रदान करेगा, परन्तु यह कि यदि विद्यालय में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन हो रहा है, तो इस मानक का अनुपालन पूर्व प्राथमिक कक्षा के लिए भी किया जाएगा ।
4. कंडिका 3 में उद्धृत बच्चों के मामले में विद्यालय को बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की धारा 12 की उपधारा 2 के आलोक में निर्धारित राशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी । प्रतिपूर्ति की जानेवाली राशि की प्राप्ति के लिए विद्यालय अलग से खाता का संधारण करेगा।
5. सोसाइटी / विद्यालय के द्वारा किसी प्रकार का कैपिटेशन फीस नहीं प्राप्त किया जाएगा तथा किसी भी बच्चा, उसके माता–पिता या अभिभावक का स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं किया जाएगा।

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

6. विद्यालय किसी बच्चे का नामांकन से उसके उम्र प्रमाण पत्र के अनुपलब्धता , नामांकन की विस्तारित अवधि के बाद तथा धर्म, जाति, जन्म–स्थान आदि कारणों या किसी एक कारण के आधार पर इंकार नहीं कर सकेगा।

7. विद्यालय के द्वारा निम्न कार्य सुनिश्चित किए जाएँगे:

i किसी भी नामांकित बच्चे को किसी भी कक्षा में रोककर नहीं रखा जाएगा और न ही किसी नामांकित बच्चा को प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक विद्यालय से निष्कासित किया जाएगा।

ii किसी भी बच्चे को किसी प्रकार का शारीरिक दंड नहीं दिया जाएगा तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा।

iii किसी भी बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के लिए किसी भी प्रकार के बोर्ड परीक्षा पास करने की आवश्यकता नहीं होगी।

iv प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाला प्रत्येक बच्चा को नियम 22 के आलोक में प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

v अधिनियम के प्रावधानों के आलोक में विकलांग/विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का समावेशन किया जाएगा।

vi शिक्षकों का नियोजन अधिनियम की धारा 23 की उपधारा 1 में उनके लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता के अनुरूप किया जाएगा, परन्तु यह कि अधिनियम के लागू होने के समय वर्तमान में कार्यरत वैसे सभी शिक्षक जो निर्धारित न्यूनतम योग्यता नहीं धारित करते हैं वे 3 वर्षों के अंदर निर्धारित न्यूनतम योग्यता प्राप्त कर लेंगे।

vii शिक्षक अधिनियम की धारा 24 की उपधारा 1 में प्रावधानित शिक्षकों के दायित्व का निर्वहन करेंगें।

viii शिक्षक निजी–स्तर पर किसी भी प्रकार की शिक्षण–गतिविधि में संलग्न नहीं होंगे।

8. विद्यालय राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं पाठ्यचर्या का अनुसरण करेगा।

9. विद्यालय अधिनियम की धारा 19 के प्रावधानों के आलोक में उपलब्ध सुविधाओं के आनुपातिक रूप से छात्रों का नामांकन करेगा।

10. कोई भी अप्रस्वीकृत वर्गकक्ष विद्यालय परिसर में या बाहर विद्यालय के नाम से संचालित नहीं होगा।

11. विद्यालय भवन अथवा अन्य संरचनाएँ अथवा मैदान का उपयोग केवल शिक्षा तथा कौशल विकास के लिए होगा।

12. विद्यालय सोसाईटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम , 1860 (1860 के 21) के अन्तर्गत सोसाईटी के द्वारा किसी निर्धारित समय में लागू कानून के तहत गठित किसी पब्लिक ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होगा।

13. विद्यालय किसी व्यक्ति, समूह अथवा व्यक्तियों के संघ अथवा किसी अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए संचालित नहीं होगा।

14. लेखा का अंकेक्षण एवं उसका प्रमाणीकरण चार्टर्ड एकाउन्टेंट के द्वारा किया जाएगा और निर्धारित नियमों के आलोक में उपर्युक्त लेखा विवरणी तैयार की जाएगी। प्रत्येक लेखा विवरणी की एक प्रति प्रतिवर्ष जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान को भेजी जाएगी।

15. आपके विद्यालय को आवंटित प्रस्वीकृति कोड संख्या Rc/Bih/Roh/2019-20 ....271........है। इस कार्यालय से किसी प्रकार का पत्राचार करने में इस कोड को कृप्या अंकित एवं उद्धृत किया जाए।

16. निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान के द्वारा समय–समय पर माँग किए गये प्रतिवेदन एवं सूचनाएँ,विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराई जाएँगी और राज्य सरकार के स्तर से प्रस्वीकृति की शर्तों के लगातार रूप से पूरा करने

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

की सुनिश्चितता हेतु अथवा विद्यालय संचालन से संबंधित कठिनाईयों को दूर करने हेतु समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का अनुपालन विद्यालय के द्वारा किया जाएगा।

17. यदि सोसाईटी के निबंधन के नवीकरण की किसी प्रकार की आवश्यकता है तो उसे सुनिश्चित किया जाए।

18. यह प्रस्वीकृति निरीक्षण के आधार पर दी जा रही है तथा किसी प्रकार की सूचना गलत पायी गई या शिक्षा अधिकार नियमावली का पालन नही होने की स्थिति में आपकों दी गई प्रस्वीकृति रद्द कर दी जाएगी।

19. यह प्रस्वीकृति औपबंधिक दी गई है, इसलिए विद्यालय के आधारभूत संरचना को यथाशीघ्र शिक्षा अधिकार नियमावली के आलोक में व्यवस्थित कर लें,अन्यथा ऐसा नहीं करने की स्थिति में इसकी पूरी जवाबदेही आपकी होगी।

विश्वासभाजन

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान
रोहतास,सासाराम।

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

## PART – A – SCHOOL GOVERNANCE : LEADERSHIP & MANAGEMENT

### VISION

Narayan World School, Jamuhar, Rohtas, Bihar – 821305 has broad and clear vision or mission with effective communication of all stakeholders. The School development plan shows evidence of planning in all the areas like Curriculum, Infrastructure, Resources, Physical Education and Staff development.

The Roles and responsibilities of all members of Staff have clearly defined.

Decision making processes generally include all stakeholders in the school and the school leadership is familiar with educational goals. The school management is active participants in the monitoring of the teaching learning process. The School stress to build a positive relationship with al stakeholders.

Gautam

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

## PART – B – CURRICULUM: PLANNING, IMPLEMENTATION AND REVIEW

The School has an annual and term wise written curriculum plans for all subjects and domains. This plan is available for all stakeholders. This plan gives evidence of both short term and long term planning, balanced time allocation to different subjects.

The curriculum is implemented by assigning responsibilities of different aspects of the curriculum to different teachers. The school randomly checks to review and monitor the curriculum implementation of all aspects or domains at all levels.

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

## PART – C – SCHOOL LIFE – TEACHING – LEARNING - ASSESSMENT

The School has comprehensive planning for instruction which is undertaken by the school. Time is invested in planning and preparing of instruction is evident in the documents like units lesson plans and teachers diaries.

Teacher has clarity of contents to explain well and answer all relevant questions of students.

This school maintains the records of assessment formal and informal.

Gautam

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

## PART – D

## PERSONAL, HEALTH, SOCIAL AND EMOTIONAL DEVELOPMENT

The school focuses on the personal, social and emotional development of the students and makes provisions and space for a variety of strategies and opportunities to promote them at all levels. The school environment is physically, socially and psychologically, healthful and promotes health enhancing behaviors. The connectedness/positive relationships between teachers and students are evident. Teachers demonstrate skills related to dealing with different aspects of development of children. Student support teams and processes are well established.

The school offers wide choices and resources for Health and Physical Education activities. Student participation is encouraged. Trained staff supports student's participation and monitors progress. Schools efforts towards HPE are evident in the awards and distinctions won by students.

The school has systems and trained personnel (doctor and nurse) to handle medical emergencies. School medical room is equipped with first aid box, emergency equipment and medicines. Periodic monitoring of facilities and training of key staff in first aid and specific emergency protocol is organized.

School has a defined system and trained personnel for regular and comprehensive health checkups of all students. Updated health records of all students are well maintained. Specific and important information (blood groups, allergies, important medication for specific health issues) are recorded and updated with parental.

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

**PART – E**

**SAFETY AND HYGINE**

The School premise is a safe and secure environment and regular supervision of students at all place. The school aware its staff and teacher for the emergency protocols.

The School maintains cleanliness in most space of the school premise, the class room, toilets and labs. The school regularly monitoring of supply or availabilities of water, soap, tissues papers towels etc.

Gautam

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

## PART – F - INCLUSION

The School teachers are aware and sentsitized towards the requirements of CWSN (Children with special needs). The school has effective system in place to identity CWSN. For this purpose the school has qualified personnel and system to monitors.

The school appointed Special Education teacher for demonstrate shared responsibility and collaborate to design implement and evidence.

The school engages the parent community to provide quality inclusive educational experience for CWSN. Families are guided and supported; their inputs, ideas and observations are taken on a regular basis; parents attend periodic review meetings.

The school engages the parent community to provide quality inclusive educational experience for CWSN. Families are guided and supported their inputs, ideas and observations are taken on a regular basis parents attend periodic review meetings.

Principal
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)

Manager
Narayan World School
Jamuhar, Sasaram (Bihar)